भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
14.12.2022 के
तारांकित प्रश्न सं. 105 का उत्तर

तिरूपति और शिर्डी के बीच रेलगाड़ियां आरंभ करना

*105. श्री मद्दीला गुरूमूर्ति:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटकों की बढ़ती मांग को पूरा करने हेतु तिरूपति और शिर्डी के बीच और अधिक रेलगाड़ियां शुरू करने और देश के अन्य हिस्सों से इन स्टेशनों की कनेक्टिविटी को और बढ़ाने के सबंध में रेल संबंधी स्थायी समिति (2018-2019) की सिफारिश के संबंध में कोई प्रगति हुई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

तिरूपति और शिर्डी के बीच रेलगाड़ियां आरंभ करने के संबंध में दिनांक 14.12.2022 को लोक सभा में श्री मद्दीला गुरूमूर्ति द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 105 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): रेलवे संबंधी स्थायी समिति की 24 वीं रिपोर्ट की सिफारिश संख्या 08 के संबंध में रेल मंत्रालय का अंतिम जवाब मई, 2019 में प्रस्तुत किया गया था। वर्तमान में, तिरुपति और साईं नगर शिरडी के बीच सीधी साप्ताहिक रेलगाड़ी सेवा मौजूद है। इसके अलावा, तीन साप्ताहिक रेलगाड़ी सेवाएं हैं, जो तिरुपति और श्री साईंनगर शिरडी के निकटवर्ती स्टेशनों जैसे नागरसोल, मनमाड और औरंगाबाद स्टेशनों के बीच कनेक्टिविटी प्रदान करती हैं। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए, 07.08.2022 से तिरुपति और औरंगाबाद के बीच एक साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी भी चलाई जा रही है। तिरुपति और श्री साईंनगर शिरडी में टर्मिनल संबंधी बाधाओं और मार्गवर्ती खंडों पर लाइन क्षमता संबंधी तंगियों सहित परिचालनिक बाधाओं के कारण, तिरुपति और श्री साईंनगर शिरडी के बीच अतिरिक्त रेलगाड़ी चलाना फिलहाल व्यवहारिक नहीं पाया गया है। बहरहाल, भारतीय रेलों पर रेलगाड़ी सेवाएं शुरू करना एक सतत प्रक्रिया है, जो परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक अर्थक्षमता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

****